



# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 15.11.2021 से 21.11.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## केन्द्रीय वित्त मंत्री जी के साथ विडियो कॉन्फ्रेंस

(दिनांक 15.11.21)

**विषय: केन्द्रीय वित्त मंत्री जी के साथ विडियो कॉन्फ्रेंस।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने केन्द्रीय केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई विडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। उक्त कॉन्फ्रेंस में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्रियों को आमंत्रित किया गया था।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा राज्य में वित्तीय सुधारों को लेकर किए जा रहे कार्यों और योजनाओं की जानकारी वित्त मंत्री जी को दी। हरियाणा राज्य द्वारा विद्युत वितरण कम्पनियों को मुनाफे में लाने के लिए हरियाणा सरकार की सराहना की गई। साथ ही केन्द्रीय वित्त मंत्री जी ने इन प्रयासों का अध्ययन कर जल्द एक रिपोर्ट देने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए ताकि इन्हें पूरे देश में लागू किया जा सके।


## महामहीम राष्ट्रपति जी का सुई गॉव में आगमन

(दिनांक 17.11.21)

**विषय: महामहीम राष्ट्रपति जी का सुई गॉव में आगमन।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा भिवानी के सुई गॉव में राष्ट्रपति जी के आगमन पर उनका अभिवादन और स्वागत किया गया। राष्ट्रपति जी स्वप्रेरित आदर्श ग्राम योजना के तहत सुई गॉव में किए गए 25 करोड़ रूपये के विकास कार्यों के उद्घाटन में आए थे। इस अवसर पर राष्ट्रपति जी ने हरियाणा की धरती को इतिहास की धरोहर कहा, जहॉ से गीता का संदेश दिया गया साथ ही कहा कि आज भी हरियाणा के हर एक घर में एक जवान और एक किसान मिल जाएगा।





# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरूग्राम ग्रीवांस कमेटी मिटिंग
(दिनांक 17.11.21)

**विषय: गुरूग्राम ग्रीवांस कमेटी मिटिंग।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरूग्राम पहुँचकर गुरूग्राम जिले की कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष कुल 16 शिकायतें रखी गई। जिनमें से 14 का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। इसके साथ ही प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने एक कमेटी बनाने की घोषणा भी की।


## विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह
(दिनांक 18.11.21)




**विषय: विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पलवल पहुँचकर विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के तृतीय स्थापना दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कौशल के क्षेत्र में विश्वविद्यालय मील का पत्थर साबित हो रहा है। आज समय की मांग के साथ युवाओं की रोजगार सम्बन्धित कौशल का प्रशिक्षण देना भी बहुत आवश्यक है। हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक विश्वविद्यालय से हर वर्ष लगभग 12000 विद्यार्थी कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त कर तैयार होंगे।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अतंराष्ट्रीय व्यापार मेला में हरियाणा मंडप का अवलोकन

(दिनांक 18.11.21)




**विषय: अतंराष्ट्रीय व्यापार मेला में हरियाणा मंडप का अवलोकन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे 40 वें भारतीय अतंराष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा दिवस के अवसर पर आयोजित ''सांस्कृतिक संध्या'' में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा आज व्यापार की दृष्टि से तेजी से आगे बढ़ रहा है। हरियाणा सरकार की कई ऐसी योजनाऐं हैं जिनका अनुसरण अन्य राज्य भी कर रहे हैं। व्यापार मेले में हरियाणा विशेष रूप से लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

## कपालमोचन मेला


(दिनांक 19.11.21)



**विषय: कपालमोचन मेला।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने ऐतिहासिक कपालमोचन मेले में पहुँचकर पूजा अर्चना की।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यहॉ एक पावन तीर्थ और धरा है और कलेसर से कालका तक के इस पूरे क्षेत्र को तीर्थस्थल व पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही यहॉ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर इस इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत किया जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

ज्ञातव्य हो कि आज कपालमोचन मेले में पहुँचकर मुख्यमंत्री जी ने उन सभी मिथकों और अंधविश्वासों को भी तोड़ दिया है। जिसके चलते सन् 1970 के बाद से कोई मुख्यमंत्री इस तीर्थ दर्शन करने नहीं आते थे।

## झज्जर में बनेगा स्वामी ओमानंद सरस्वती जी के नाम पर संग्रहालय

(दिनांक 19.11.21)



**विषय: झज्जर में बनेगा स्वामी ओमानंद सरस्वती जी के नाम पर संग्रहालय।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने HSVP और ओमानंद पुरातत्त्व संग्राहलय समिति के साथ बैठक कर संग्राहलय के निर्माण के लिए HSVP के भूमि देने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी। जिसके तहत काफी लंबे समय से लंबित यह विषय हल हो गया और स्वामी ओमानंद जी के नाम पर एक विशाल संग्राहलय बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

इस संग्राहलय में स्वामी ओमानंद जी द्वारा सरंक्षित पुरातात्त्विक धरोहरों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## माडर्न रेवन्यू रिकार्ड रूम का लोकार्पण

(दिनांक 21.11.21)

**विषय– माडर्न रेवन्यू रिकार्ड रूम का लोकार्पण।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा के सभी जिलों में मॉर्डन रिकॉर्ड रूम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री जी ने इसे प्रदेश की जनता की सहूलियत के लिए उठाया गया ऐतिहासिक कदम बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और पारदर्शिता लाने में मदद मिलेगी।

इसके तहत राज्य स्तर पर व सभी जिलों के 18.5 करोड़ रिकार्ड को स्कैन कर डिजिटलाइज किया गया है, जो कि माउस की एक क्लिक पर प्रदेश की जनता को आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।